आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें: WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-159- ● कटनी ● रविवार, 11 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



क्वांर माह और चैत्र माह के अलावा दो और नवरात्रि गुप्त रूप से मनाई जाती हैं, जो आषाढ़ माह और माघ महीने में आती है। आज 11 जुलाई से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो रही है।

## आईएसआईएस फंडिंग मामले में कई जगहों पर एनआईए की छापेमारी, हिरासत में संदिग्ध



**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, बारामुला और श्रीनगर में कई स्थानों पर आईएसआईएस फंडिंग मामले में एनआईए की छापेमारी चल रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है। अनंतनाग में एनआईए की कार्रवाई के दौरान एएसपी अनंतनाग भी मौजूद रहे। एनआईए की टीम ने अनंतनाग में छापेमारी के दौरान जावेद अहमद मीर पुत्र मोहम्मद शाबन मीर निवासी सुनसूमा उम्र 28 वर्ष, उमर भट पुत्र निसार अहमद भट निवासी मागरे मोहल्ला अचबल, ओवैस अहमद भट पुत्र निसार अहमद भट निवासी मागरे मोहल्ला अचबल, तनवीर अहमद भट पुत्र गुल मोहम्मद भट निवासी गोरीमोहल्ला अचबल और जीशान अमीन मलिक पुत्र मोहम्मद अमीन मलिक निवासी पुष्रू अचबल उम्र 22 वर्ष, को हिरासत में लिया है।

# करंट लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत


## छतरपुर जिले के महुआ झाला इलाके में टैंक खोलने पानी की टंकी में उतरे युवक को बचाने के चक्कर में हादसा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के महुआ झाला इलाके में टैंक खोलने के लिए पानी की टंकी में उतरे युवक को करंट लग गया। परिवार के सदस्यों ने जब उसे करंट के कारण तड़पते हुए देखा तो बचाने के लिए दौड़ पड़े। युवक को बचाने के प्रयास में युवक सहित परिवार के 6 सदस्यों की करंट लगने से मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। जबकि शवों को पीएम के लिए डेडहाउस पहुंचा दिया गया है। उधर एक ही परिवार के छह लोगों की मौत के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। महुआ झाला निवासी लक्ष्मण अहिरवार के यहां पानी का टैंक बना हुआ था। टैंक में अंधेरा रहता था, इसलिए



पानी निकालने के लिए लाइट की व्यवस्था की गई थी। जिससे की पानी निकालने में कोई दिक्कत नहीं आए। सुबह आठ बजे जब परिवार का एक युवक पानी निकालने के लिए टैंक खोलने का प्रयास कर रहा था कि तभी उसे करंट लग गया। परिवार के सदस्यों ने जब युवक को करंट से तड़पते देखा तो उन्होंने युवक को पकड़कर खींचने का प्रयास किया, जिससे बाकी सदस्य भी करंट की चपेट में आ गए। इस घटना में लक्ष्मण अहिरवार पुत्र रमुआ उम्र 55 वर्ष ,शंकर अहिरवार पुत्र हल्ली अहिरवार उम्र 35 वर्ष, मिलन अहिरवार पुत्र हल्लू उम्र 25 वर्ष, नरेंद्र पुत्र जगन अहिरवार उम्र 20 वर्ष, रामप्रसाद पुत्र हल्ली अहिरवार उम्र 30 वर्ष,विजय पुत्र जगन अहिरवार उम्र 20 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल भी हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद शवों को पीएम के लिए डेडहाउस पहुंचा दिया गया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## क्विक अपडेट



### दैनिक मामलों में उतार-चढ़ाव जारी

**नई दिल्ली।** देश में महामारी की दूसरी लहर की रफ्तार अब कम होने लगी है। कोरोना के दैनिक मामलों में उतार-चढ़ाव जारी है। देश में बीते 24 घंटे में 41,506 नए मरीज मिले है और 895 की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले 42,766 नए मरीज मिले और 1206 की जान गई थी। वहीं कई राज्यों ने अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई राज्यों में शॉपिंग मॉल, दुकानें, बाजार, जिम और रेस्तरां खोलने की इजाजत दे दी गई है। आईसीएमआरने बताया कि देश में शनिवार को कोरोना वायरस के लिए 18,43,500 सैंपल टेस्ट किए गए। इसके साथ ही अब तक कुल 43,08,85,470 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

### शिवराज ने कहा, कांग्रेस पिछड़े वर्ग के हितैषी होने का नाटक करती

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता पिछड़े वर्ग के हितैषी होने का नाटक करते हैं। भाजपा हमेशा कमजोर वर्गों के साथ रही है। पिछड़े वर्ग के आरक्षण के संबंध में जो भी प्रयास किए जा सकते हैं, हम हरसंभव कदम उठा रहे हैं। हम पिछड़ा वर्ग समेत सभी वर्गों के कल्याण के लिए कटिबद्ध हैं। जितना नुकसान कांग्रेस ने अनुसूचित जाति/जनजाति या पिछड़ा वर्ग का किया है, उतना कोई कर ही नहीं सकता। पिछड़ा वर्ग के वोटबैंक के लिए केवल अध्यादेश जारी कर दिया गया और बाद में इन्हीं ने स्टे करवा दिया। यदि पिछड़े वर्ग की चिंता थी तो ढंग से वर्कआउट करना चाहिए था।

### 14 या 14 जुलाई को आयेगा एमपी बोर्ड का रिजल्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं का रिजल्ट 14 या 15 जुलाई को रिजल्ट जारी होने की संभावना है। मंडल ने रिजल्ट की पूरी तैयारी कर ली है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार भी परीक्षा परिणाम ऑनलाइन घोषित किया जाएगा। दसवीं के परीक्षा परिणाम तैयार करने के संबंध में मंडल ने दिशा-निर्देश पहले जारी किए थे। इसमें नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विद्यार्थियों की छमाही और प्री-बोर्ड व यूनिट टेस्ट एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया गया है।

## कंधार में भारतीय दूतावास का आधा स्टाफ बुलाया वापस



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की वापसी और तालिबान के बढ़ते कब्जे को देखते हुए हिंसा की आशंका के चलते कंधार में भारतीय दूतावास बंद करने की खबरें आईं थीं, जिन्हें राजनयिक सूत्रों ने खारिज कर दिया है। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार ने कंधार में अपना दूतावास बंद नहीं किया है। सुरक्षा कारणों से स्टाफ कम कर दिया है। दूतावास में आपातकालीन सेवाएं खुली रहेंगी। दूतावास को बंद करने की खबरें गलत हैं। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत ने कंधार में अपना दूतावास बंद कर दिया है।भारतीय वायुसेना की विशेष उड़ान से मिशन में तैनात कम से कम 50 राजनयिकों व आईटीबीपी के जवानों को दिल्ली लाया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया था कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है। आशंका है कि तालिबान कंधार को भी निशाने पर ले सकता है। यह शहर पहले आतंकी संगठन का मुख्यालय हुआ करता था। फिलहाल, काबुल में भारतीय दूतावास और बाल्ख प्रांत में मजार-ए-शरीफ पर दूतावास खुले हुए हैं। तालिबान ने धमकी दी है कि यदि हम चाहें तो मात्र दो सप्ताह में अफगानिस्तान को अपने नियंत्रण में ले सकते हैं।

# अफगान से आता था कच्चा माल मध्यप्रदेश में बनती थी हेरोइन

**नई दिल्ली।** नोटबंदी के बाद से आतंकी गतिविधियां चलाने वालों को फंड के लाले पड़ गए हैं। ऐसे में देश में आतंक को बढ़ावा देने के लिए पड़ोसी देश की कुख्यात जासूसी एजेंसी आईएसआई व खालिस्तानी समर्थकों ने नारको टेररिज्म का सहारा लिया है। इसके पीछे दोहरी साजिश है। पैसा जुटाकर देश में आतंक फैलाया जाएगा और नशा देकर युवा पीढ़ी को विनाश के रास्ते पर भेजा जाएगा। आतंकियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि ड्रग्स से पैसा जुटाने का खेल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से चल रहा है। यह पैसा देश में आतंक को बढ़ावा देने में इस्तेमाल किया जाता है। नशा अफगानिस्तान में तैयार किया जाता है। मादक पदार्थों को पाकिस्तान के रास्ते पीओके लाया जाता है या फिर ईरान के रास्ते भारत भेजा जाता है। बरामद 354 किलोग्राम हेरोइन का कच्चा माल ईरान के रास्ते भारत में आया था। देश में मादक पदार्थ बेचकर आतंकी खालिस्तान समर्थकों के लिए फंड भी जुटा रहे हैं।



### पार्किंग में छिपा रखी थी

गुरजोत और गुरप्रीत ने सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी दो अलग-अलग कारों से 166 किलो और 115 किलोग्राम हेरोइन बरामद कराई। पुलिस के और सख्ती दिखाने पर दोनों ने अपने घर के एक बेड में गुप्त स्थान बनाकर छिपाकर रखी 70 किलो हेरोइन भी बरामद कराई।

### ईरान से समुद्रीय मार्ग से मुंबई पहुंच जाती है ....



जांच में पता चला है कि तस्कर अफगानिस्तान से वैध तरीके से आने वाले मेवे, खड़िया, जिप्सम पाउटर आदि सामानों के बीच में इसके कार्टन छिपा देते हैं, बाकी सामान के साथ कंटेनर में छिपाकर रखी गई अफीम आदि ईरान से समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंच जाती है।मुंबई से अफीम व कच्चे माल को मध्य प्रदेश के शिवपुरी लाया जाता है। वहां बनी अस्थायी फैक्टरी में मध्य प्रदेश व दिल्ली की अलग-अलग दुकानों से खरीदे गए विभिन्न रसायनों की मदद से अफीम व बाकी मादक पदार्थों से हेरोइन तैयार कर ली जाती है। इसके बाद कुरियर की मदद से इसे भारत के अलग-अलग राज्यों में भेज दिया जाता है। पूछताछ के दौरान गुरप्रीत व गुरजीत ने बताया कि भारत में नारको टेररिज्म को नवप्रीत सिंह उर्फ नव पुर्तगाल से बढ़ावा दे रहा है। गुरप्रीत की उससे पंजाब की कपूरथला जेल में मुलाकात हुई थी।बाद में वह किसी तरह जेल से बाहर आया और विदेश भाग गया। वहां से लगातार मादक पदार्थों को बेचकर खालिस्तान के लिए फंड इकट्ठा किया जा जा रहा है।

## चित्रकूट में आरएसएस का चिंतन राम मंदिर ट्रस्ट में फेरबदल के कयास, चंपत राय से सवाल-जवाब



**चित्रकूट ।** एक बार फिर आरोग्यधाम परिसर में शनिवार को संघ पदाधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय की बैठक हुई। उन्होंने मंदिर निर्माण के चल रहे कामों की जानकारी दी। संघ पदाधिकारियों ने मंदिर ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई जमीन पर उठे सवालों के बारे में राय से सवाल जवाब किए। कुछ ऐसी भी चर्चा है कि ट्रस्ट में कुछ फेरबदल भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय चिंतन बैठक में शनिवार को द्वितीय सत्र में संघ प्रमुख की मौजूदगी में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री व उसको बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। लघु उद्योग को मजबूत बनाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराने पर विचार किया गया। बैठक में कहा गया कि देश की तरक्की के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना अच्छी है। इसे धरातल पर लाने की जरूरत है। कहा कि फिरोजाबाद की चूड़ियां, अलीगढ़ का ताला, मेरठ के पीतल के बर्तन व खेल का सामान प्रसिद्ध हैं। खाद्य सामग्रियों को भी बढ़ावा देने की बात कही गई। चित्रकूट में बनने वाले लकड़ी के खिलौनों को लघु उद्योग के रूप में बढ़ावा देने की जरूरत बताई गई।

### संघ के लोगों को भोजन करा रहे दंपती

संघ की बैठक में आने वाले पदाधिकारियों को संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ उनकी पत्नी भी भोजन बनाने व परोसने का कार्य कर रही हैं। जिनकी सेवा विशेष रूप से ली जा रही है। दंपती मिलकर भोजन परोस रहे है। खास बात यह है कि कई प्रदेशों से संघ के पदाधिकारी आए हैं। उनके भोजन के लिए उसी प्रदेश के रहने वाले दंपती को लगाया गया है। सुबह 13 दायित्ववान कार्यकर्ता दंपती के साथ संघ के पदाधिकारियों को देसी परंपरा के तहत भोजन करा रहे हैं।

# योगी की जनसंख्या नीति से कई टेंशन में

## विश्व जनसंख्या दिवस पर आज से होगी लागू, लाखों लोग होंगे प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ ही देर में नई जनसंख्या नीति 2021-30 जारी करेंगे। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास के लिए इसकी वृद्धि दर को नियंत्रित करना जरूरी है। सभी लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए जनसंख्या घनत्व को कम करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि छोटा परिवार ही खुशहाली का आधार हो सकता है। सीएम योगी ने विश्व जनसंख्या दिवस पर कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या समाज में व्याप्त असमानता समेत प्रमुख समस्याओं का मूल है। समुन्नत समाज की स्थापना के लिए जनसंख्या नियंत्रण प्राथमिक शर्त है। उन्होंने इस विश्व जनसंख्या दिवस पर लोगों से जनसंख्या से बढ़ती समस्याओं के प्रति स्वयं व समाज को जागरूक करने का प्रण लेने की अपील की। बढ़ती हुई जनसंख्या समाज में व्याप्त असमानता समेत प्रमुख समस्याओं का मूल है।



### क्या है नई जनसंख्या नीति

नई जनसंख्या नीति में नवजात मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने की कोशिश होगी। 11 से 19 वर्ष के किशोरों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी। नई नीति में गर्भ निरोधक उपायों की सुलभता को बढ़ाने, सुरक्षित गर्भपात की समुचित व्यवस्था देने, नपुंसकता- बांझपन की समस्या का समाधान करने, बुजुर्गों की देखभाल के लिए व्यापक व्यवस्था की जाएगी। नई नीति जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों को तेज करने वाली होगी। जिन लोगों के दो से ज्यादा बच्चे होंगे, उन्हे कई सुविधाओं से वंचित होना पड़ सकता है। मसलन ऐसे लोग सरकारी नौकरी के आवेदन के लिए अपात्र माने जाएंगे, नौकरी में हैं तो कुछ लाभों से वंचित हो जाएंगे। न तो स्थानीय निकाय चुनाव लड़ सकेंगे और न ही किसी तरह की सब्सिडी मिलेगी। 77 सरकारी योजनाओं व अनुदान का लाभ भी नहीं मिलेगा।

# अर्से बाद थोड़ी और अनलॉक हुई दिल्ली शैक्षणिक संस्थानों को खोलने की अनुमति

## 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ऑडिटोरियम या असेंबली हॉल की अनुमति

**नई दिल्ली ।** राजधानी को धीरे-धीरे अनलॉक करने की प्रक्रिया जारी है। इसी बीच रविवार को दिल्ली सरकार ने अनलॉक-7 की गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। दिल्ली सरकार ने शैक्षणिक प्रशिक्षण के लिए स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ ऑडिटोरियम या असेंबली हॉल की अनुमति दी है। अब ऐसी किसी ट्रेनिंग के लिए डीडीएमए की अनुमति नहीं लेनी होगी। अनलॉक-7 की गाइडलाइंस के अनुसार, दिल्ली पुलिस, आर्मी की ट्रेनिंग या



किसी संस्थान की स्किल ट्रेनिंग, कर्मचारियों की ट्रेनिंग और स्कूल कॉलेज से जुड़ी ट्रेनिंग भी शामिल हैं। आपको बता दें कि स्कूल या एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन के ऑडिटोरियम और असेम्बली हॉल एजुकेशनल ट्रेनिंग और मीटिंग के लिए 50 फीसदी क्षमता के साथ खुलेंगे। फिलहाल दिल्ली में सिनेमा हॉल, थियेटर, मल्टीप्लेक्स, बैंक्वेट हॉल, ऑडिटोरियम, स्विमिंग पूल, स्कूल, कॉलेज, स्पा और अम्यूजमेंट पार्क को खोलने की अनुमति नहीं है। द्वमालूम हो कि दिल्ली में निजी दफ्तर 50 फीसदी क्षमता के साथ सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक काम कर रहे हैं।

## तनातनी पर विराम! ट्विटर ने भारत में नियुक्त किया शिकायत अधिकारी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार और माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर के बीच जारी तनातनी अब विराम लग सकता है। नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों का पालन करने करते हुए ट्विटर ने भारत में अपना शिकायत अधिकारी नियुक्त किया है। विनय प्रकाश भारत में ट्विटर के शिकायत अधिकारी होंगे। कंपनी की वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को ट्विटर कंपनी को नए आईटी नियमों का पालन करने को लेकर अमेरिका में अनुप्रमाणित शपथपत्र दायर करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया। साथ ही साफ किया कि वह माइक्रोब्लॉगिंग साइट को नियम के खिलाफ किसी तरह की सुरक्षा प्रदान नहीं की जा रही।

## हिंदू सेना का बवाल: गाजीपुर नाम की पट्टी पर पोती कालिख




**नई दिल्ली।** हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने रविवार सुबह पूर्वी दिल्ली के 'गाजीपुर रोड' के नाम की पट्टी पर कालिख पोत दी। कार्यकर्ताओं ने गाजीपुर रोड की जगह उसका नया नाम 'महर्षि बाल्मीकी मार्ग' रख दिया। हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि दिल्ली में अब किसी भी सड़क का नाम विदेशी आक्रांताओं के नाम पर होना स्वीकार नहीं किया जाएगा। दिल्ली सरकार जल्द से जल्द सभी सड़कों का नामकरण भारतीय शहीदों-समाज सुधारकों के नाम पर रखे। अन्यथा उसके कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में विदेशी आक्रमणकारियों वाले नामों पर कालिख पोत देंगे। हिदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि गाजीपुर में 'गाजी' शब्द का अर्थ भारतीय सभ्यता और हमारे लोकतंत्र के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में 'गाजी' कहकर उस व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है जो काफिरों (यानी इस्लाम को न मानने वालों) का कत्ल करता है। चूंकि भारत जैसे देश में मुस्लिम के अलावा हिंदू, जैन, सिख, बौद्ध और ईसाई सभी रहते हैं, ऐसी सोच को उचित नहीं कहा जा सकता जो दूसरे धर्मों का सम्मान न करता हो।उन्होंने कहा कि उनके पूर्वी दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने भगवान बाल्मीकी का सम्मान करते हुए इस सड़क का नाम भगवान बाल्मीकी मार्ग रखा है क्योंकि इस एरिया में बाल्मीकी समुदाय के लोग भारी संख्या में रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस नए नामकरण से बाल्मीकी समुदाय को सम्मान प्राप्त होगा।

## मध्यप्रदेश के कई संभागों में भारी बारिश होगी




**भोपाल ।** चार वेदर सिस्टम के कारण मध्य प्रदेश में रविवार-सोमवार को तेज बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जेपी विश्वकर्मा ने बताया कि सोमवार-मंगलवार को शहडोल, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, एवं इंदौर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर बरसात होगी।




# 7 अरब 87 करोड़ 85 लाख से भी अधिक दुनिया का परिवार

## विश्व जनसंख्या दिवस

**वेब डेस्क।** दुनियाभर में बढ़ती जनसंख्या परेशानी का एक बड़ा कारण बन गई है। इसकी वजह से अशिक्षा, बेरोजगारी, भुखमरी और गरीबी अनियंत्रित होती जा रही है। वर्ल्डोमीटर्स के मुताबिक, इस समय दुनिया की कुल जनसंख्या सात अरब 87 करोड़ 85 लाख से भी अधिक है। हर दिन लाखों की संख्या में जनसंख्या बढ़ रही है। फिलहाल दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश चीन है, जबकि दूसरे स्थान पर भारत है। चीन की जनसंख्या जहां एक अरब 44 करोड़ से अधिक है, तो वही भारत की जनसंख्या एक अरब 39 करोड़ से अधिक है। हालांकि बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए परिवार नियोजन जैसे समाधान मौजूद हैं, लेकिन लोगों में इसकी जागरूकता की कमी है। दुनियाभर में इसी बढ़ती आबादी के प्रति जागरूक करने



के लिए हर साल 11 जुलाई को वर्ल्ड पॉपुलेशन डे (विश्व जनसंख्या दिवस) मनाया जाता है। 11 जुलाई 1989 को संयुक्त राष्ट्र ने आम सभा में विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का फैसला किया था। दरअसल, साल 1987 तक दुनिया की जनसंख्या पांच अरब के पास पहुंच चुकी थी, जो चिंता का विषय बन गई थी। इसीलिए दुनियाभर के लोगों को बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इस साल विश्व जनसंख्या दिवस 2021 की थीम कोविड-19 महामारी का प्रजनन क्षमता पर प्रभाव है। इस साल यह वैश्विक स्तर पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और प्रजनन व्यवहार पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव पर अधिक प्रकाश डालने के लिए मनाया जाएगा। इस दिन पूरी दुनिया में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए तरह-तरह से उपायों से लोगों को परिचित कराया जाता है। इसके अलावा परिवार नियोजन के मुद्दे पर भी बातचीत की जाती है।

## लखनऊ में भारी विस्फोटक के साथ अलकायदा का आतंकी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आतंकी संगठन अलकायदा का एक आतंकवादी भारी विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया गया है जबकि दुबग्गा इलाके की सीतेबिहार कॉलोनी में दूसरे की तलाश जारी है। एटीएस को यहां पर संदिग्ध आतंकवादी छुपे होने की जानकारी मिली थी। एटीएस ने शाहिद उर्फ गुड्डू और वसीम को गिरफ्तार कर अपनी गाड़ी में बैठा लिया है। अन्य लोगों से पूछताछ जारी है। शाहिद अपने परिवार के साथ दुबग्गा की सीता विहार कॉलोनी में रहता है। उसने पांच मकानों को किराए पर उठा रखा है। एटीएस को काकोरी थाना क्षेत्र के दुबग्गा स्थित एक घर मे संदिग्ध लोगों के छिपे होने की सूचना मिली। मामले की पड़ताल के लिए एटीएस की टीम ने छापेमारी की है। टीम घर के अंदर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। एटीएस की टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद है। मामले में एक को हिरासत में लिया गया है। प्रेशर कुकर बम बरामद होने की सूचना है । मिली जानकारी के अनुसार, एटीएस ने मलिहाबाद निवासी शाहिद के गैराज पर छापा मारा है। घर के अंदर वसीम नाम का युवक मौजूद है।

# नेशनल लोक अदालत
# एक दिन में निपटे 1241 प्रकरण






**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के मार्गदर्शन में, श्वेता गोयल जिला न्यायाधीश/सचिव तथा मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी के दिशा-निर्देशन में जिला न्यायालय कटनी एवं तहसील न्यायालयों विजयराघवगढ़, बरही, ढ़ीमरखेड़ा एवं अन्य विभागों में 10 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर माननीय मुख्य न्यायाधिपति मोहम्मद रफीक, म0प्र0 उच्च न्यायालय एवं माननीय न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव कार्यपालक अध्यक्ष, म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशिष्ट आतिथ्य में एवं गिरीबाला सिंह सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विवेक जौहरी डायरेक्टर जनरल ऑफपुलिस की उपस्थिति में ऑनलाईन माध्यम से सामा डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रिलिटिगेशन मीडिएशन में उपयोग किये जाने संबंधी पायलेट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। नेशनल लोक अदालत कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामाचरण उपाध्याय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, द्वारा एवं समस्त न्यायाधीशगण, समस्त विभागों के अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संघ कटनी के पदाधिकारीगण तथा अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय कटनी के कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं

## मोटर दुर्घटना के 31 प्रकरणों पर भी दावा प्रकरण निराकृत

दीप प्रज्जवलित कर किया। उक्त लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन, बिजली, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक समेत पक्षकारों के आपसी राजीनामे से प्रकरणों का निराकरण किया गया। माननीय जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार जिले में लोक अदालतों की 39 खण्डपीठों का गठन किया था। लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के 5247 प्रकरण रैफर्ड किए गए एवं न्यायालय के 2908 प्रकरणों को रैफर किया गया। प्री-लिटिगेशन में 2376 प्रकरण निपटे जिससे 9644 लोग लभान्वित हुए एवं इन प्रकरणों में 16531039 रूपए की राशि अवार्ड की गई। इसी अनुक्रम में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 1241 प्रकरण निपटाये गए जिससे 4198 लोग लभान्वित हुए एवं जिसमें राशि रूपए 35916631 अवार्ड की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश कटनी श्यामाचरण उपाध्याय द्वारा सर्वाधिक 31 मोटर दावा दुर्घटना के प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें सर्वाधिक 4078000/- रूपये की अवार्ड राशि पारित की गई, जिसमें 123 व्यक्ति लाभांवित हुए। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आर0पी0 सोनी की खण्डपीठ द्वारा वैवाहिक विवाद के 04 मामलों में पति-पत्नि का समझौता कराया गया, जिसमें वह राजीखुशी से साथ में रहने हेतु सहमत हुए। इसी तरह जिले में आयोजित लोक अदालत के अन्य विभाग जैसे कलेक्ट्रेट के 1053 ,पुलिस परामर्श केन्द्र के 42, महिला एवं बाल विकास विभाग के 120, स्वास्थ्य विभाग के 52, नगर निगम के 438, परिवहन विभाग के 24 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों ने आपसी समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में अपने प्रकरणों का निराकरण करवाते हुए लाभ प्राप्त किया।

## नगर निगम कार्यालय एवं उपकार्यालय में में भी अनेक प्रकरणों में समझौता

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल तथा जिला कार्यालय विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला न्यायालय झिंझरी कटनी के पत्रानुसार निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज प्रातः 10 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर पालिक निगम परिसर सहित जोन कार्यालयों में प्रातः 10:30 बजे से किया




गया। आयोजित लोक अदालत का लाभ प्राप्त करनें हेतु नागरिकों का निर्धारित समय से ही आना शुरू हो गया। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें जानकारी देते हुए बताया कि शहर विकास में आपकी अपनी भागीदारी है। विकास का आधार नागरिकों द्वारा टेक्स की आदायगी है। श्री जागेश्वर पाठक प्राधिकृत अधिकारी राजस्व नें जानकारी देते हुए बताया कि विगत आयोजित लोक अदालत में शाम 5 बजे तक संपत्तिकर के 230 प्रकरणों का निराकरण कर 12 लाख, जलकर के 180 प्रकरणों से 7 लाख की राशि जमा की गई। लोक अदालत के दौरान बडी संख्या में कर बकायादार अदालत में देर शाम तक पहुंचकर करों की राशि का भुगतान करते रहे। लोक अदालत के दौरान श्री पाठक एवं जलकर शाखा के संलग्न कर्मचारियों द्वारा आगंतुक कर बकायादारों को समझाइश और अधिभार (ब्याज) की छूट का लाभ बताते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया जाकर कर की राशि जमा कराई गई।



## कोरोना के चलते इस वर्ष भी नहीं निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा

**कटनी।** शहर की ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ स्वामी जी का रथ यात्रा महोत्सव 12 जुलाई सोमवार को विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। कोरोनाकाल को देखते हुए इस वर्ष भी शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु गर्भ स्थान से बाहर आकर रथ पर ही विराजेंगे। भगवान के दर्शन लाभ बाहर से ही करने और मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों ने की है। श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार की शाम 6 बजे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कमानिया गेट के पुजारी आनंद महाराज द्वारा महा आरती की जाएगी। महाआरती में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। इससे पूर्व सोमवार को प्रातः 10 बजे जगन्नाथ मंदिर जगन्नाथ चौक में लगातार तीसरे वर्ष सरावगी परिवार द्वारा भगवान को पोशाक एवं प्रसाद चढ़ाया जाएगा और साथ ही महाआरती की जाएगी। रथयात्रा महोत्सव शाम 5 बजे मंदिर परिसर में ही मनाया जाएगा। श्री जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, शिव कुमार सोनी सचिव, विजय ठाकुर रथ यात्रा प्रभारी, संजय गिरी, नीरज चौदहा, शिशिर टुडहा, रजनीश पटेल, रमेश सोनी, सिद्धार्थ गौतम, दिनेश खुराना, भरत गुप्ता, बसंत यादव, वरुण दुबे चुन्ना, डाक्टर रमेश सोनी आदि ने भक्तों से भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन और महोत्सव में शामिल होने अपील की है।

**गर्भ स्थान से बाहर आकर रथ पर ही विराजेंगे भगवान जगदीश स्वामी, शाम 6 बजे होगी महाआरती**



## जागृति पार्क में रोपे पौधे हरियाली का दिया संदेश

**कटनी।** कटनी पर्यावरण संधारण समिति एवं जागृति संस्था तथा भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ कटनी तत्वाधान में वृक्षारोपण संरक्षण जन जागरूकता माह के अंतर्गत शनिवार को जागृति पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न दलों के रोवर रेंजर स्काउट गाइड छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्काउट गाइड रोवर रेंजर प्रतिवर्ष जागृति पार्क में पौधों का रोपण करते हैं एवं संरक्षण करने हेतू समय समय पर पस्थित होकर पौधों का संरक्षण करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। स्काउट गाइड रोवर रेंजर के उत्कृष्ट कार्य पर कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर को बधाई दी। उन्होने कहा कि इस पुनीत कार्य में अपना समय दे रहे हैं और पौधों को संरक्षण कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से पर्यावरण संधारण समिति के सदस्य जागृति संस्था उमा निगम सहित कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र गुप्ता, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, जाकिर हुसैन, अनिल नेमा, डीएस लोधी, डॉ. चित्र प्रभात, डॉ. वंदना गुप्ता, कमल लहरिया, अतुल जैन, अनिल नेमा, सुमित जैन, रितेश सेठी, मनीष गई, अजय श्रीवास्तव, डीटीसी गाइड सायरा बानो, डीटीसी स्काउट त्रिलोक डेहरिया सहित स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## मेडिकल कालेज खोलने सांसद ने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र

### नए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को बताई कटनी की आवश्यकता



**कटनी।** खजुराहो कटनी लोकसभा क्षेत्र के कटनी में मेडिकल कालेज की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हुए देश के नए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तथा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पत्र लिखकर आग्रह किया है। श्री शर्मा ने पत्र में कहा कि संसदीय क्षेत्र खजुराहो का प्रमुख जिला कटनी आसपास के कई जिलों से जुड़ा है। बड़े व्यवसायिक केंद्र के साथ सर्वाधिक राजस्व देने वाला जिला भी है। कटनी जिले में एक नगर निगम तथा 3 नगर पालिका हैं। इसके आसपास 50 से अधिक ग्रामसभा हैं। कटनी के आसपास कोई भी बड़ा हॉस्पिटल नहीं है। जिसके कारण लोगों को ज्यादातर जबलपुर पर निर्भर रहना पड़ता है। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि कटनी प्रमुख रेल जंक्शन तथा 2 नेशनल हाइवे में स्थित महत्वपूर्ण जंक्शन हैं जहाँ से आसपास के करीब 2 सौ किलोमीटर तक के क्षेत्र में अधिकांश शहर कटनी पर निर्भर रहते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि कटनी में मेडिकल कालेज न सिर्फजिले वरन आसपास के कई जिलों के लिए भी लाभकारी होगा। कटनी में मेडिकल कालेज हेतु जमीन तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता भी भरपूर है। कटनी में मेडिकल कालेज स्थापना हेतु आदेश जारी किए जाएं, यह कटनी जिले के नागरिकों के लिए संजीवनी की तरह होगा।

## जिले में अब तक 178.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 10 जुलाई 2021 तक 178.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 243.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 10 जुलाई 2021 तक



तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 117.2 मिलीमीटर, रीठी में 129.2, बड़वारा में 174.0, बरही में 377.0, विजयराघवगढ़ में 229.1, बहोरीबंद में 179.0, स्लीमनाबाद में 99.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 133.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे 2.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिसमें रीठी तहसील में 6.5, बहोरीबंद तहसील में 7.4 और ढीमरखेड़ा तहसील में 2.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं कटनी, बड़वारा, बरही, विजयराघवगढ़ और स्लीमनाबाद तहसील में निरंक वर्ष दर्ज हुई है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
श्री राम हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई — त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेष गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

## वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत का दिया संदेश



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

**कटनी।** विगत 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर उनके जयंती 6 जुलाई के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार के नेतृत्व वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी तारतम्य में 4 जुलाई को प्रातः 7.30 बजे स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से निवर्तमान महापौर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक श्रीवास्तव, भाजपा नेता आशीष गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश सोनी, सुरेश रोचलानी, बृजमोहन गट्टानी, कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक गुप्ता, कार्यक्रम सह प्रभारी मनीष त्रिसोलिया, शैलेंद्र चनपुरिया, यज्ञदत्त मिश्रा, पप्पा भैया, सर्वेश तिवारी, करन रैदास, बंटी जैन, सुरेश साहू, भावेश रजक, राधेश्याम शर्मा, राहुल तिवारी, कंजे रजक, सोहन साहू, रवि तिवारी एवं समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत हेतु शपथ ग्रहण की गई। आभार अभिषेक ताम्रकार ने किया।



यशभारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 11 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



## उमस के बीच बादलों का डेरा,गर्मी बरकरार

### गुरूवार के बाद सूखा बीता शुक्रवार व शनिवार

**कटनी।** मानसून के सीजन में धूप के साथ बारिश का मेल लोगों के पसीने छुड़ा रहा है। गुरूवार को दोपहर बाद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश हुई लेकिन फिर शुक्रवार और शनिवार को कई बार बारिश का मौसम बना परंतु बारिश नहीं हुई। जिसके कारण शनिवार की सुबह सूरज निकलते ही तेज धूप लोगों को चुभने लगी। उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। बारिश न होने के कारण वातावरण में फिर उमस भरी गर्मी का अहसास बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में भी कटनी सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है।

### सुबह से निकली चटक धूप

गुरूवार को हुई बारिश के बाद शुक्रवार व शनिवार को पानी की एक बूंद नहीं गिरी। कल शनिवार और आज रविवार को सुबह से ही चटक धूप निकली रही। हालांकि धूप के बीच बादलों की आवजाही जारी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक कटनी सहित आसपास के जिलों में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। बारिश न होने के कारण एक बार फिर जनजीवन बेहाल हो रहा है। दिन का अधिकतम तापमान भी दोपहर 12 बजे तक 30 डिग्री तक पहुंच गया है। बिना पंखे, कूलर के लोग उसम भरी गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हैं।

## बरगवां लाल पहाडी की भूमि निजी हक की

**कटनी।** जिला खनिज अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि बरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 209/5 निजी भूमि के समतलीकरण के संबंध में राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार मुड़वारा, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, खनिज विभाग से खनिज अधिकारी, खनिज निरीक्षक तथा नगर निगम विभाग से कार्यपालन यंत्री संयुक्त ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच के दौरान निजी भूमि स्वामी किशन चंद्र तीर्थानी भी उपस्थित हुए। मौके में जांच के दौरान भूमि स्वामी किशन चंद तीर्थानी द्वारा नगर पालिक निगम द्वारा समतलीकरण की अनुमति एवं वृक्षों की कटाई के संबंध में जारी की गई अनुमतियां प्रस्तुत की गई। जिसमें समतलीकरण के द्वारा निकले हुए खनिज को खसरा नंबर 209 के अंश भाग पर रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मौका जांच अनुसार समतलीकरण द्वारा निकले हुए खनिज को खसरा नंबर 209 के अंश भाग पर ही स्टॉक किया जाना पाया गया। मौके पर भूमि स्वामी द्वारा खसरा नंबर 209/5 शासकीय या निजी भूमि होने के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कटनी द्वारा पत्र दिनांक 19 फरवरी 2020 द्वारा दी गई जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसमें लेख है कि खसरा नंबर 209 से निर्मित खसरा नंबर 209/5 की भूमि अभिलेख की स्थिति अनुसार भूमि स्वामी हक की भूमि है। मौके पर शनिवार को पुनः जांच की गई। जांच अनुसार पाया गया कि भूमि स्वामी द्वारा खसरा नंबर 209/5 पर ही समतलीकरण का कार्य किया गया है। राजस्व अभिलेख के अनुसार खसरा नंबर 209/5 निजी स्वामित्व की भूमि है। खसरा नंबर 209/5 के समतलीकरण क्षेत्र की माप की गई। माप के दौरान पाया गया कि समतलीकरण से निकले खनिज मटेरियल की मात्रा एवं खसरा नंबर 209 के अंश भाग पर रखे खनिज मटेरियल की मात्रा लगभग समान पाई गई है।

**राजस्व और खनिज अमले की जांच में हुआ खुलासा, समतलीकरण से निकले खनिज मटेरियल की मात्रा सही**



## सेंटपॉल स्कूल में नहीं लगेगी री-एडमीशन और लेट फीस

### अभिभावकों की शिकायत के बाद अभिभावक कल्याण संघ ने की प्राचार्य से मुलाकात

**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में शहर के कतिपय निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस की वसूली जा रही है। कई स्कूल ट्यूशन फीस के नाम पर पूरी फीस वसूल रहे हैं तो कई स्कूलों द्वारा री-एडमीशन और लेट फीस भी वसूल की जा रही है। जिससे पहले से ही आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे अभिभावकों की जेबें ढीली हो रही है। सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल स्कूल में भी करीब एक सैकड़ा से ज्यादा अभिभावकों की इसी तरह की शिकायतें सामने आने के बाद अभिभावक कल्याण संघ के जिला इकाई के पदाधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य से मुलाकात की और अभिभावकों की परेशानियों से अवगत कराते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए अभिभावकों को नियमानुसार राहत देने की बात की। प्राचार्य ने अभिभावक कल्याण संघ के पदाधिकारियों की बातों को सुनकर अभिभावकों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। संघ के जिलाध्यक्ष रूपेश पहारिया ने बताया कि सेंटपॉल स्कूल द्वारा अब री-एडमीशन और लेट फीस नहीं वसूलने की बात कही गई है, जिससे करीब 75 से ज्यादा अभिभावकों की समस्याओं का समाधान हो गया है। कई अभिभावकों की शिकायत थी कि स्कूल द्वारा ट्यूशन फीस में बढ़ोत्तरी की गई है। जिस पर संघ द्वारा स्कूल के फीस स्ट्रक्चर की जांच की जा रही है। संघ के सचिव गौरव संजीव सूरी भारतीय ने बताया कि जब तक फीस के स्ट्रक्चर की जांच नहीं हो जाती, तब अभिभावकों से फीस नहीं जमा करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा शहर के प्रत्येक निजी स्कूलों की फीस के स्ट्रक्चर का भी मिलान किया जा रहा है। गौरव सूरी ने बताया कि संघ और सेंटपॉल स्कूल के प्राचार्य की वार्ता सौहाद्रपूर्ण रही और प्राचार्य ने कोरोना संक्रमण काल के दौरान अभिभावकों को हो रही परेशानियों को समझते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संघ के अमरेश सिंह, सुभाष गुप्ता, सुशील भोजवानी, इशरार खान, अरिहंत सत्येन्द्र, अवधेश सिंह आदि की उपस्थिति रही।

**प्राचार्य ने दिया हरसंभव सहयोग का आश्वासन**

## कछारखेड़ा में हरियाली अमावस्यां पर वृक्षारोपण

### ग्रामीणों को मुफ्त बांटे गए बीज



रीठी। रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम कछारखेड़ा में पारिवारिक वानिकी के प्रेरणा स्रोत राजस्थान के डूंगर कॉलेज के प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी के निर्देशन में चल रही पारिवारिक वानिकी की मुहिम के अंतर्गत 10 जुलाई को हरियाली अमावस्या की बेला पर सहजन और खेजड़ी के मुफ्त बीज एवं पौधे ग्रामीणों में बाटे गए। पारिवारिक वानिकी की मुहिम के तहत घर-घर सहजन एवं फलदार वृक्ष लगाने की मुहिम प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी द्वारा चलाई जा रही है, जिसका महाकोशल क्षेत्र में रीठी निवासी पर्यावरण प्रेमी अखिलेश उपाध्याय की अगुआई में यह कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि प्रोफेसर श्यामसुंदर ज्यानी को हाल ही में यूनसीसीडी द्वारा भूमि संरक्षण का दुनिया का सर्वोच्च सम्मान लैंड फॉर लाइफ अवार्ड से नवाजा गया है। पारिवारिक वानिकी के तहत लोगों के खेतों और आंगन में फलदार पौधों का वृक्षारोपण कराया जाता है, जिसमें रीठी क्षेत्र के ग्रामीणों ने बीजारोपण किया।

## रीठी जनपद में रोजगार शिविर 16 को

**रीठी।** शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कराने के उद्देश्य से एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेस




अनूपपुर द्वारा रोजगार शिविर कटनी जिले की सभी जनपद पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य यह आयोजन जनपद पंचायत रीठी में 16 जुलाई को किया जा रहा है। निर्धारित समय पर रोजगार पाने इच्छुक बेरोजगार युवा 16 जुलाई को जनपद कार्यालय रीठी पहुंच सकते है।

## राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने जिला अस्पताल को दी एम्बुलेंस की सौगात

### एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंशू मिश्रा की मांग रंग लाई, जिला अस्पताल को सौंपी एम्बुलेंस



**कटनी।** करोना संकटकाल में जनसेवा के क्षेत्र में अनेकों जनहितैषी कार्यों के साथ अब राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने जिला अस्पताल कटनी को अपनी सांसद निधि से एम्बुलेंस की सौगात दी है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सतत संघर्ष और प्रयास का पर्याय बन चुके एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु के अनुरोध पत्र को स्वीकारते हुए श्री तन्खा ने कर्नल अजय मुसरान की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कटनी जिला अस्पताल हेतु एम्बुलेंस स्वीकृत की है, जिससे अब मरीजों को शीघ्र बेहतर इलाज में सुविधा होगी। जानकारी देते हुए दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने बताया की अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को देखते हुए एक माह पहले सांसद श्री तन्खा को अनुरोध पत्र सौंपकर जिला अस्पताल कटनी को एम्बुलेंस दिए जाने का आग्रह किया था। जिस पर उन्होंने तत्काल स्वीकृति देकर राशि जारी कर दी थी। श्री तनखा द्वारा पूरे कोरोना संकटकाल में जनसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए है। करीब एक माह में सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शनिवार को वाहन विधिवत हनुमान मंदिर पीरबाबा में पूजन के पश्चात जिला अस्पताल को संचालन हेतु सौंपा गया। वाहन के कटनी पंहुचने पर जिला अस्पताल में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर अस्पताल प्रबंधन को एम्बुलेंस सौंपी। इसके साथ ही एक और सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंस वाहन अस्पताल के वाहन बेड़े में शामिल हो गया। सभी कांग्रेसजनो ने जिलेवासियो की ओर से राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनु दीक्षित, आनंद पटेल, रौनक खंडेलवाल, आकाश तिवारी, अंकित सिंघनीय, मोहम्मद इसराइल, विकास तिवारी, शुभम मिश्रा, विपिन तिवारी, अजय खटीक, आशीष चतुर्वेदी, विकास दुबे, सोहैल खान, श्रेय पांडेय, शुभम पटेल, रिजवान खान, दीपक केशरवानी, अनुज सोनी, ललित बर्मन की उपस्थिति थी।

**तपस्या ने दो सैकड़ा से अधिक जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र**

## नए वस्त्र पाकर खिल उठे चेहरे

**कैमोर।** नगर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन तपस्या ग्रुप द्वारा प्रति रविवार नगर की पिछड़ी एवं निर्धन बस्तियों में जाकर समाजसेवा के किसी न किसी कार्य को बखूबी अंजाम दिया जाता है। कभी बच्चों को टॉफी, मिठाई या पेन, पेंसिल दी जाती है तो कभी बुजुर्गों को नए जूते चप्पल का उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया जाता है। इसी कड़ी में आज 11 जुलाई रविवार को खलवारा बाजार स्थित तपस्या कार्यालय में वस्त्र वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों को नए एवं पहनने योग्य पुराने वस्त्र वितरित किये गए। लगभग दो सैकड़ा से भी अधिक लोगों को इसका लाभ मिला।



तपस्या ग्रुप के संचालक मनीष नवैत ने बताया कि तपस्या ग्रुप के सदस्य नगर में सम्पन्न लोगों के घर घर जाकर अच्छे पहनने योग्य वस्त्र एकत्र करते हैं, इसके अलावा कुछ वस्त्र व्यवसायी भी जनसेवा के इस कार्य में अपना योगदान देते हुए रियायती दर पर नए वस्त्र उपलब्ध करा देते हैं। इस तरह जमा किये गए वस्त्रों का वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया जाता है। आज यह कार्यक्रम तपस्या कार्यालय में रखा गया, जहां कोरोना गाईड लाइन का पालन करते हुए लोगो को उनकी जरूरत के हिसाब से वस्त्र दिए गए। कार्यक्रम में जो लोग बिना मास्क के पहुंचे थे, उन्हें मास्क लगाने की समझाइश देते हुए नि:शुल्क मास्क भी प्रदान किये गए।




### बेटी के बर्थडे पर लगाये पौधे

तपस्या ग्रुप के सदस्यों के परिवारों में किसी के भी जन्मदिन पर पौधे रोपे जाने की परंपरा पिछले चार सालों से चली आ रही। आज 11 जुलाई को ग्रुप के सक्रिय सदस्य समीर बार्नेट की बेटी का जन्मदिन था। इस अवसर पर बार्नेट परिवार के साथ अन्य लोगों ने भी पौधे रोपे साथ ही निर्धन परिवार के बच्चों को मिठाई, केक और टॉफियां बांटी गई।

### नीलिमा ❤ से

### यादों के सीप



समय के बढ़ते ज्वार में मधुर स्मृतियों की महक
हृदय पटल पर साथ रहती हैं धुंधली परछाई सी

नेह सागर से यादों के सीप बटोरे बैठी हूँ
शब्दों में घोल के आतुर मन को भरमाई सी

छत से ढलते सूरज की लालिमा को तकना
पन्नों पर उकेरना भावनाओं की गहराई सी

घर लौटते परिंदों में खुद को महसूस करना
गुजरे लम्हों की याद लिये बैठी हूँ अकुलाई सी

तन चंचल, मन व्याकुल तिलिस्म जाल बुनना
ख्वाबों को पवन के ठंडे झोंके सा बिखराई सी

बादल को अरमां सा बना, बाहों में आकाश समेटे
उड़ती रही सुकूं के अभिन्न संगम में जग को बिसराई सी

मन की सतह से फिसलती रहीं अंकुरित होती स्मृतियाँ
झील के पुराने पानी में कभी तैरने लगती हैं काई सी

आसमां की सारी नाजुक ओस धरती में समेटे हुए
फिर से जिद्दी सी कलम लिये नीलिमा कुछ सकुचाई सी !!!

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

## विजयराघवगढ़ पहुंचे सीता वल्लभशरण जू महाराज





**विजयराघवगढ़।** पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री सीता वल्लभशरण जू महाराज अपने शिष्य मंडल के साथ जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा टेकाम के निवास विजयराघवगढ़ में पहुंचने की खबर लगते ही उनकी दर्शनाभिलाषी क्षेत्र भर के समस्त शिष्य पहुंच गए, जहां प्रातः से आचार्यों द्वारा वेदोच्चारण कर सुश्री प्रभा तेकाम द्वारा पंचोपचार गुरु पूजन कर मंगलमय आरती उपरांत आम फलों से तौल कर तुलादान किया एवं गुरू नारायण से आशीष प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अरविंद बड़गैया, केशवानंद तिवारी, रामनिधि मिश्रा, पत्रकार जागेश्वर मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, अधिवक्ता अमित सिंह बघेल, बद्री प्रसाद शुक्ला, राजेन्द्र पाटकर, लल्लन बड़गैंया, ब्रह्ममूर्ति तिवारी, श्रीमति सुजाता सिंह बघेल, श्रीमति संगीता बड़गैंया, श्रीमति प्रभा मिश्रा, सौभाग्य सिंह बघेल, हर्षित असाटी, नंद कुमार मिश्र, पीसी पयासी, शरद श्रीवास्तव, बीवी दुबे, शिव मोहन सिंह बघेल, विकास दत्त मिश्रा, सूर्यांश सिंह बघेल, इंद्रपाल पटेल, ध्यान लाल साहू सहित समस्त शिष्यों ने शुभाशीष प्राप्त किया।

**शिष्यों ने लिया आशीर्वाद**

mgm HOSPITAL We Care with Care

## एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर

**त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 14/07/2021 एवं 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

**मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हर्ष सक्सेना**

डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।

माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

# टीकाकरण केन्द्रों में ननि ने की व्यवस्थाएं





**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी सीमा क्षेत्र में 18 से 45 वर्ष से ऊपर के नागरिकों को कोवीशील्ड प्रथम एवं द्वितीय वेक्सीनेंशन हेतु 14 टीकाकरण केन्द्रों को चिन्हित किया जाकर आज टीकाकरण का कार्य कराया जा रहा है। आयोजित टीकाकरण सत्र को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम कटनी, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, तिलक कॉलेज कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल एन.के.जे एवं रेल्वे स्कूल एन.के.जे कटनी, गुरूनानक स्कूल बरही रोड, पुरानी कचहरी कटनी, रसकला संगीत कॉलेज तथा महाकौशल रिफैक्ट्रीज कटायेघाट मोड, ऑर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ए.सी.सी हॉस्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर कटनी, सामुदायिक भवन में निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा गिनम की संबंधित शाखओं के माध्यम से साफसफाई, चूने की लाईनिंग, सैनेटाईजेशन, आवश्यकतानुसार बैठक व्यवस्था, कूलर, पंखे शामियानें आदि की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराया गया। टीकाकरण का लाभ अधिक से अधिक नगारिकों को प्राप्त हो सके इस हेतु विगत रात्रि मुनादी का कार्य कराया जाकर आज सत्र के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति एवं अन्य जनों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग लेते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण करानें के प्रयास किये जाकर केन्द्रों में उपस्थिति रहकर आवश्यक व्यवस्थाओं को बनाये रखनें में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



## विभिन्न स्थलों पर किया गया सैनेटाईजेशन कार्य

**कटनी।** नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित कोरोना संक्रमण के प्रसार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगानें हेतु नगर के विभिन्न स्थलों में सैनेटाईजेशन कार्य किया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सैनेटाईजेशन कार्य के तहत निगम के सैनेटाईजेशन अमले द्वारा कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम परिसर, तिलक कॉलेज परिसर, नदीपार शिवनगर की गली नंबर 3 एवं 4, दुबे कॉलोनी स्थित सोमनाथ मंदिर के आसपास एवं लिटिल फीट स्कूल के पास, एन.के. जे थाना परिसर, रोशन नगर शारदा माता मंदिर गली, जैन कॉलोनी सहित नगर के अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड घोल का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया।






## बंगाल हिंसा के खिलाफ ज्ञापन

**कटनी।** वनवासी विकास परिषद महाकोशल प्रान्त जिला ईकाई द्वारा कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे कहा गया है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम के बाद तृणमूल काग्रेंस के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई हिंसा के विरोध में विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में हिंसा, आगजनी, दंगा व महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार जैसी निर्मम आमानवीय घटनाएं जो बंगाल की सरकार के इस तानाशाही और तालिवानी ?रमान जो वे अपने विरोधी विचारधारा रखने वालों के साथ करती आई है। राष्ट्रपति के नाम महाकोशल प्रांत के सभी जिलों में एक साथ ज्ञापन सौपे गए। जिसमें जिले के वनवासी विकास परिषद के अध्यक्ष बाबू भाई सोंधिया , उपाध्यक्ष संजय आनंद, सचिव डॉ महेंद्र चंदेल, सह सचिव सुनील रावत, जिला संगठन मंत्री कमल सिंह धुर्वे, हित रक्षा प्रमुख नरेन्द्र सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख केशव कमल मोहनानी, देवांश आनंद एवं महिला कार्यप्रमुख अनुराधा पेड्रो, जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष निर्भय सिंह बरकड़े, जिला मंत्री सोहन सिंह की उपस्थिति रही।

# टारगेट से ज्यादा वेक्सीनेशन 26 हजार 913 को लगा टीका





**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में शनिवार को निर्धारित 95 टीकाकरण केन्द्रों पर कोवीशील्ड वेक्सीन के टीकाकरण के लिये विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे तक जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 27 हजार 700 के विरुद्ध 26 हजार 913 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। शनिवार को वेक्सीनेशन के विशेष कैम्पेन के तहत सांय 6 बजे तक कुल 108.96 प्रतिशत वेक्सीनेशन जिले में हुआ है। वहीं वेक्सीनेशन का कार्य अभी भी जारी है। जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान में कोवीशील्ड के पहले और दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये 95 टीकाकरण केन्द्रों में शनिवार की सुबह 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे और अपना कोवीशील्ड वेक्सीन का टीकाकरण भी कराया। विशेष वेक्सीनेशन कैम्प के तहत 10 जुलाई को शाम 6 बजे तक शहरी क्षेत्र में 4423, बरही में 1288, कन्हवारा में 3681, विजयराघवगढ़ में 3662, ढीमरखेड़ा में 3690, रीठी में 4032, बहोरीबंद में 3996 और बड़वारा में 2141 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया।

**95 टीकाकरण केन्द्रों में 108.96 प्रतिशत वेक्सीनेशन**

# सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश








**कटनी।** नागरिकों को नगर में सफाई की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी एवं निगम के स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा रोजाना नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी द्वारा फारेस्टर वार्ड, विवेकानंद वार्ड, उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर की सफाई व्यवस्था एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का संधारित रजिस्टर की जांच की जाकर कर्मचारियों को वर्दी में कार्य करनें तथा कचरा संग्रहण के दौरान गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक लेनें के निर्देश प्रदान किये गए। स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा भी क्षेत्रीय वार्डो में निरीक्षण किया जाकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त बनाये रखने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में रोजाना कराई जानें वाली सफाई व्यवस्था के तहत निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों, पन्ना मोड मुख्य मार्ग, तथा पन्ना मोड से सूर्या होटल तक डिवाईडर के दौनों ओर की धूल मिट्टी की सफाई बस स्टेण्ड, मिशन चौक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे के डिवाईडर, घंटाघर जगमोहनदास वार्ड निगम हास्पिटल के पीछे वाली गली के कंटेनर की सफाई तथा अन्य विभिन्न गलियों की सफाई नई बस्ती बंगाली चाय के समनें स्थित प्वाइंट, राजीव गांधी वार्ड ओव्हर ब्रिज के नीचे, रधुनाथ गंज वार्ड स्थित गोविंद देव मंदिर के आसपास, स्टेट बेंक तिराहा, हाकर्स जोन, चौपाटी से शासकीय चिकित्सालय होते हुए थाना तिराहा, कावस जी वार्ड वंशकार मलिन बस्ती, भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड बाजार क्षेत्र, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित माधवनगर उपकार्यालय के आसपास एवं आत्माराम धर्मशाला, ए.सी.सी रोड की सफाई सहित मुख्य नगर के अन्य स्थलों के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया। वर्षा पूर्व नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत नाला सफाई हेतु नियुक्त स्वच्छता कर्मचारियों की दलेल के माध्यम से राम मनोहर लोहिया वार्ड सूर्या होटल के पास नाले की सफाई, जालपा देवी वार्ड स्थित जालपा मुंदिर के पीछे स्थित नाले कावस जीवार्ड भट्टा मोहल्ला शमशान भूमि के सामनें वाले नाले की सफाई गोयना गली मधई बगीचा फारेस्टर वार्ड स्थित ज्ञान विद्या मंदिर के पीछे वाले नाले, माधवनगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के बडे नाले, माधवनगर गेट के पास स्थित नाले की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले नालियों के अपशिष्ट को बाहर निकाला जाकर पानी के प्रवाह को सुगम बनानें के प्रयास किये गए।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर प्रौढ़ की हत्या

## जमीन के विवाद पर पिता-पुत्र ने मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**बहोरीबंद के निपनिया गांव में वारदात से सनसनी**

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम निपनिया में शनिवार की देरशाम एक 55 वर्षीय प्रौढ़ की कुल्हाड़ी से हमला कर नृशंस हत्या कर दी गई। वारदात के पीछे जमीनी विवाद को कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने पिता-पुत्र के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में बहोरीबंद थाना प्रभारी रेखा प्रजापति ने बताया कि ग्राम निपनिया निवासी 55 वर्षीय वीरेन्द्र पिता मुन्नी सिंह गौड़ का परिवार के ही अनिल सिंह गौड़ से जमीन बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। बताया जाता है कि वीरेन्द्र सिंह गौड़ कल शनिवार की शाम लगभग 7 बजे अपने खेत में काम कर रहा था। उसीदौरान वहां अनिल सिंह गौड़ अपने पुत्र जगदीश सिंह गौड़ के साथ पहुंच गया। यहां एक बार फिर वीरेन्द्र सिंह व अनिल सिंह के बीच जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बताया जाता है कि मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो अनिल सिंह गौड़ ने अपने पुत्र जगदीश सिंह गौड़ के साथ मिलकर वीरेन्द्र के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी दनादन कई बार करने के बाद आरोपी पिता-पुत्र वहां से भाग खड़े हुए। ऊधर वीरेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने अधिकार में लेकर उसे परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां आज सुबह पीएम के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध धारा 302, 34 के तहत मामला दर्ज उनकी तलाश में जुट गई।

### आरोपी पिता-पुत्र हिरासत में-थाना प्रभारी

बहोरीबंद थाना प्रभारी श्रीमती रेखा प्रजापति ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में मामले की गंभीरता से विवेचना करते हुए पुलिस ने देररात ही आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के बाद दोनों के कब्जे से खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

# प्राईवेट स्कूलों ने 5 साल के लिए मांगी मान्यता

### मांगे नहीं मानीं तो 12 जुलाई से निजी स्कूलों में लगेगा ताला, ऑनलाइन क्लास भी होगी बंद

**कटनी।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध निजी स्कूलों ने मान्यता के लिए 5 साल के लिए नवीनीकरण मांगा है, साथ ही शासन से स्कूल खोलने और मान्यता नवीनीकरण के लिए 5 साल करने की मांग कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का कहना है कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई तो 12 जुलाई को प्रदेश के मंडल से संबद्ध स्कूलों में ताला लगेगा, इसके साथ ही ऑनलाइन कक्षाएं भी बंद रहेंगी और शासकीय कार्यों का भी बहिष्कार करेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि कोरोना काल में मान्यता नवीनीकरण के नाम पर परेशान किया जा रहा है। इससे पहले पिछले साल स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने 5 साल नवीनीकरण किए जाने की घोषणा की थी। इसके बावजूद अभी तक आदेश जारी नहीं हुए है। एसोसिएशन से जुड़े प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध करीब 45 हजार स्कूल अपनी मांगों को लेकर 12 जुलाई से स्कूलों की आनलाइन क्लास बंद करने का निर्णय लिया है। आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चों का 3 साल से फीस का भुगतान नहीं किया है। इससे निजी स्कूलों को परेशानी हो रही है। पिछले साल से स्कूलों को अभिभावक शिक्षण शुल्क भी नहीं दे रहे हैं। शासन को स्कूलों को आर्थिक मदद करनी चाहिए। आरटीई के तहत 3 सालों से फीस का भुगतान नहीं होने के कारण पहले से आर्थिक मार का सामना कर रहे निजी स्कूलों के सामने कई परेशानी खड़ी हो गई है।

# इस बार जारी नहीं होगी दसवी की मेरिट लिस्ट

**कटनी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं की कक्षा दसवीं का रिजल्ट आगामी 14 या 15 जुलाई को जारी होने की संभावना है। मंडल ने रिजल्ट घोषित करने की पूरी तैयारी कर ली है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार भी परीक्षा परिणाम ऑनलाइन घोषित किया जाएगा। दसवीं के परीक्षा परिणाम तैयार करने के संबंध में मंडल ने दिशा-निर्देश पहले जारी किए थे, इसमें नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विद्यार्थियों की छैमाही और प्री-बोर्ड व यूनिट टेस्ट एवं आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर रिजल्ट तैयार किया गया है, इसमे अनुत्तीर्ण रहने वाले नियमित या प्राइवेट विद्यार्थियों को 33 अंक देकर पास घोषित किया जाएगा। अगर कोई विद्यार्थी अपने परीक्षा परीणाम से असंतुष्ट होता है तो उनके लिए एक सितंबर से 25 सितंबर के बीच विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें वे शामिल हो सकेंगे। इसके लिए विद्यार्थियों को 1 अगस्त से 10 अगस्त के बीच ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। परीक्षा आयोजन का विस्तृत कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा। मंडल द्वारा परीक्षा लेकर विद्यार्थियों का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इस वर्ष दसवीं परीक्षा की प्रवीण्य सूची जारी नहीं की जाएगी। माशिमं ने बारहवीं रिजल्ट के संबंध में फार्मूला तैयार कर जारी कर दिया है, इसमें दसवीं के आधार पर अंकसूची में नंबर देने का फार्मूला तय किया है। अंकसूची में दसवीं के 5 पांच मुख्य विषयों के आधार पर नंबर दिए जाएंगे। इस संबंध में मंडल ने किस विषय में कितने नंबर भरे जाएंगे। इसके विस्तृत निर्देश जारी कर दिए है। वहीं अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों के उत्तीर्णांक को रविवार तक ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि है।

# कैलवाराकलां में नेशनल हाईवे की जमीन पर खुलेआम अवैध कब्जा

**जमीन अधिग्रहण का मुआवजा लेने के बाद किया जा रहा निर्माण, राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत**

### नायब तहसीलदार न्यायालय मुड़वारा दो ने जारी किया स्थगनादेश

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के अंतर्गत ग्राम कैलवाराकलां स्थित नेशनल हाईवे की जमीन पर खुलेआम अवैध रूप से कब्जा करते हुए मकान का निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। नेशनल हाईवे फोरलेन होने के बाद जमीन अधिग्रहित होने और इसका मुआवजा लेने के बाद भी कतिपय लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर नींव खोदकर मकान का निर्माण किया जा रहा है। सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने की वजह से यहां पहले से मकान बनाकर रह रही एक विधवा महिला के आवागमन का रास्ता बंद हो रहा है। पहले कलेक्टर और बाद में तहसीलदार से शिकायत किए जाने के बाद स्थगनादेश पारित किया गया, इसके बावजूद सरकारी जमीन पर बेधड़क कब्जा किया जा रहा है। इस पूरे मामले में राजस्व विभाग के कतिपय अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत की चर्चाएं सरगर्म है।





### क्या है पूरा मामला

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम कैलवाराकला निवासी नारायण पिता स्व. संतोष सेन और श्रीमति प्रेमबाई पति स्व. संतोष सेन द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दी गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि राजस्व निरीक्षक मंडल मुड़वारा 2 के अंतर्गत ग्राम कैलवाराकला स्थित भूमि खसरा नंबर 659/1 कुल रकबा 0.01 हेक्टेयर उसके निजी स्वामित्व की जमीन है, जिस पर वह पिछले कई सालों से मकान बनाकर निवास कर रही है। शिकायत में बताया गया है कि उसकी जमीन से लगी हुई शासकीय जमीन पर कन्छेदी पटेल, दीनदयाल, रामदयाल, शिवदयाल पटेल, गोरेलाल पटेल, सरना मंगा पटेल निवासी कैलवाराकला द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिससे उसके आवागमन का रास्ता बंद हो गया है। मकान का निर्माण करने से मना करने दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा गाली गलौज की जाती है और अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की धमकी दी जा रही है।

### नींव खोदकर खड़ी की जा रही दीवार

शिकायत में यह भी बताया गया है कि उक्त शासकीय जमीन पर संबंधित लोगों द्वारा बिना किसी वैधानिक अधिकार के कब्जा करते हुए नींव खोदकर दीवार खड़ी की जा रही है। कलेक्टर को दी गई शिकायत के बाद जब इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई तब उसने नायब तहसीलदार न्यायालय में अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए प्रकरण पेश किया। नायब तहसीलदार ने संबंधितों को नोटिस जारी किया और पटवारी को मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए। पटवारी ने मौके पर जाकर पंचनामा तैयार किया। पटवारी ने जाचं प्रतिवेदन नायब तहसीलदार के समक्ष पेश किया, जिसमे यह पाया गया कि ग्राम कैलवाराकला स्थित भूमि खसरा नंबर 659/1 रकबा 00.01 हेक्टेयर के अंश भाग में 27-11.5 वर्गफुट ऊंचाई सामना 8 फीट पीछे 9 फीट पक्का निर्माण रोहणी एवं बालमुकुंद वल्द मूलचंद पटेल के द्वारा किया जा रहा है। उक्त खसरा अभिलेख में भूमि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 इकाई जबलपुर के नाम दर्ज है।

### निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने का आदेश

नायब तहसीलदार के आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में कार्य को बंद किया गया है। आवेदिका श्रीमती प्रेमबाई सेन की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होना पाया गया, जबकि उसने अपनी शिकायत में यह कहा था कि शासकीय जमीन में कब्जा होने से उसका आवागमन अवरूद्ध हो रहा है। बताया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार मुड़वारा 2 तहसील कटनी द्वारा 9 जुलाई को जारी किए गए स्थगनादेश में उक्त शासकीय भूमि के अंशभाग में किए जा रहे निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने एवं आगे किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में अगली पेशी 15 जुलाई को नियत की गई है।

# अपने ही मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

### चोरी की बाइक के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे,रीठी पुलिस को मिली सफलता

**कटनी/रीठी।** अपने ही मकान में चोरी की वारदात को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद एक युवक की मोटर सायकल लेकर भागे युवक को पकड़ने में रीठी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवक के कब्जे से खुद के मकान से चोरी किया गया सामान सहित चोरी की गई मोटर सायकल को बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि जून माह में ग्राम टहकारी निवासी हजारी प्रसाद पटेल के मकान से पीतल के बर्तन, सिल्वर के बर्तन, गैस सिलेण्डर, सीमेण्ट की बोरी आदि चोरी जाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध धारा 380 के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस को हजारी प्रसाद पटेल के पुत्र नीलू उर्फ अनिल पटेल की तलाश थी, जो फरार चल रहा था। इसी बीच 9 जुलाई ग्राम खाम्ह निवासी उदयभान बेन द्वारा मोटर सायकल चोरी जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। थाना क्षेत्र में लगातार घटित हो रही चोरी की वारदातों को नवागत थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने गंभीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में चोरी के मामलों की विवेचना करते हुए आरोपी की पतासाजी में जुट गए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और अपने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोरी की मोटर सायकल में तफरी करते नीलू उर्फ अनिल पिता हजारी प्रसाद पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी नीलू ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर अपने मकान में चोरी की थी तथा उदयभान बेन की मोटर सायकल को भी उसी ने चोरी किया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से खुद के मकान से चोरी किया गया सामान व उदयभान बेन की चोरी की गई मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएफ-7816 को बरामद कर लिया है। चोरी की वारदातों से पर्दा उठाने में रीठी के नवागत थाना प्रभारी सतीश तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक जयचंद उइके व आरक्षक संदेश परतेती की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।




# देवीमंदिर के चबूतरे में युवक की संदिग्ध मौत

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना क्षेत्र की सलैया पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बड़गांव में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवक की लाश ग्राम बकलेहटा में चाय की दुकान के सामने स्थित देवी मंदिर के चबूतरे पर पड़ी मिली। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बड़गांव निवासी सुनील कुमार नामदेव नामक युवक बड़गांव सहित आसपास के गांव में घूम फिर कर लोगों का उपचार करता था। बताया जाता है कि कल 10 जुलाई की दोपहर भी सुनील घर से निकला। इसी दौरान समीपस्थ ग्राम बकलेहटा स्थित चाय की दुकान के सामने स्थित देवी मंदिर के चबूतरे में बैठे-बैठे सुनील के प्राण पखेरू उड़ गए। पुलिस ने हृदयगति रूकने से मौत होने की आशंका जाहिर की है। वहीं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सुनील अत्यधिक मात्रा में शराब का भी सेवन करता था। बहरहाल पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



# फर्जी दस्तावेजों से सगे भाई की संपत्ति हड़पने का प्रयास

### पुलिस ने दर्ज किया 420 का मामला

**कटनी।** सगे भाई के हिस्से की पैतृक संपत्ति को फर्जी दस्तावेज के सहारे हड़पने की नियत से छोटे भाई ने नगर निगम में नामांतरण का आवेदन लगा दिया। मामले की भनक जैसे ही भतीजे को लगी उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 420 का मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि घंटाघर निवासी 38 वर्षीय वीर गांधी पिता मनोहर गांधी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके चाचा धन्य कुमार गांधी ने उसकी मां के नाम फर्जी शपथ पत्र तैयार कर पैतृक जमीन जोकि घंटाघर में स्थित पुराना मकान है और उसकी कीमत 3 करोड़ से अधिक है, उसे हड़पने चुपचाप षड्यंत्र रचा है। शिकायत में आरोप लगाया है कि उनका पैतृक मकान जोकि घंटाघर में है वह उनके दादा स्वर्गीय जय रामदास गांधी के नाम पर दर्ज है। उसे हटाने के लिए चाचा धन्य कुमार ने नगर निगम में नामांतरण का आवेदन प्रस्तुत किया था। दस्तावेज 25 सितंबर 2020 को भारती गांधी के नाम से बनवा लिए। जब दस्तावेजों की पड़ताल की गई तो पता चला की सारे दस्तावेज फर्जी निकले। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।

महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी
College Code 740(8) F/A200153
मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)
B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)
छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि:शुल्क प्रवेश
संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480




PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)